[Mr. Chairman]

Amendment made

Page 1, line 4,—

for "1971" *substitute* "1972" (2)

(Shri Raj Bahadur)

MR. CHAIRMAN : Now, the question is .

"That Clause 1, as amended, stand part of the Bill."

The motion was adopted

Clause 1, as amended, was added to the Bill

Enacting Formula

SHRI RAJ BAHADUR : I beg to move :

Page 1, line 1,—

for "Twenty-second', *substitute*—

"Twenty-third." (1)

MR. CHAIRMAN ; The question is :

Page 2, line 1,—

for "Twenty-Second" *substitute*—

"Twenty-third" (1)

The motion was adopted

MR. CHAIRMAN : Now, the question is :

"That the Enacting Formula, as amended, stand part of the Bill."

The motion was adopted

The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill

The Title was added to the Bill.

SHRI RAJ BAHADUR : Sir, I move :

"That the Bill, as amended, be passed."

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That the Bill, as amended, be passed."

The motion was adopted

16.37 hrs.

NATIONAL SERVICE BILL

MR. CHAIRMAN ; Now we take up the next item. Mr. K. C. Pant

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI K. C. PANT) : I beg to move :*

"That the Bill to provide for the registration of qualified persons and for the rendering of national service by such persons and for matters connected therewith be taken into consideration."

This Bill was introduced in the present in the present Lok Sabha on the 5th April, 1972. It had been introduced earlier in the Fourth Lok Sabha on 26th August, 1970, but with its dissolution in December, 1970, the Bill had lapsed.

The main objective of the Bill is to ensure that engineers and doctors are made available in adequate numbers for the defence of the country and for other activities of national importance, such as, family planning programmes and health services in rural areas, construction of dams in remote and difficult areas, etc.

In the wake of the Chinese aggression, the Government formulated a Compulsory Liability Scheme whereby engineers and doctors, upto the age of 40 and 45 years respectively, in Government service or in public sector undertakings, were made liable to render service in the Armed Forces or on work relating to defence efforts anywhere in India or abroad for a period of four years. Experience has revealed that the Compulsory Liability Scheme cannot, by itself, be relied upon to provide a sufficient number of doctors and engineers for the Armed Forces of the Union or for other forms of national service. It is, therefore, considered necessary that this liability should be extended to all persons who hold recognised medical qualifications within the meaning of

*Moved with the recommendation of the President.

the Indian Medical Council Act. 1956, or a degree in Engineering or Technology, or both. It is also felt that the Scheme should cover any kind of national service which the Government may specify and that the Scheme should not be restricted in its scope to defence efforts only.

SHRI S. A. SHAMIM (Srinagar) : There is no quorum in the House.

MR. CHAIRMAN : The bell is being rung.

—Now there is quorum. The hon. Minister may continue.

SHRI K C. PANT : As I was saying, this will have the advantage of widening the base of recruitment to the Armed Forces of the Union and will also help in ensuring that doctors or engineers required for other activities of national importance in civilian departments become available.

When the Bill was introduced in this House, some of the hon. Members had objected to it on the ground that this Bill is out of place in a situation where there is a surplus of engineers and an adequate availability of doctors. I would like to reiterate here that in spite of the fact that over 19,000 graduate engineers are seeking jobs at present, the Ministry of Defence are finding it difficult to recruit engineer in adequate numbers for defence purposes. Similarly, the vitally important programme of extending health and family planning services adequately to the rural areas has been affected because of the considerable shortage of doctors in the primary health centres. As on 30th June 1971, out of 5,127 primary health centres in the country, 175 had no doctor whatsover ; 2810 centres had only one doctors against the normal sanctioned strength of two doctors. Even in the foreseeable future, difficulties in attracting a sufficient number of doctors to Government service in rural areas are likely to persist. This shortage has occurred in a pattern where one primary health centre caters to 80,000 to 1,00,000 population. The shortage would be further aggravated when the number of primary health centres is increased to ensure a more intensive coverage. The hon. Members are aware that owing to the unwillingness of doctors in some cases to go to rural areas and their tendency to stick to towns, the medical and health cover that we have been able to provide to rural areas is still very thin. There also exist disparities as between different States. For example, the doctor-population ratio for Himachal Pradesh is 13,008 ; Jammu and Kashmir, 9850 ; and Nagaland, 9545, as against 5200 for the country. As this honourable House is aware, steps are being taken by the Ministry of Health and Family Planning for stepping up the overall availability of the doctors, but in the light of experience it seems imperative that in order to ensure adequate provision of medical and health and family planning facilities in rural areas and to remove disparities, the element of compulsion should be brought in.

Sir, I shall now deal with the salient features of the Bill.

The aim of the Bill is to ensure that suitably qualified engineers and doctors are secured for activities which are important from the national point of view. National service as defined in Cl 2 of the Bill includes not only service with the Armed Forces but any service which is likely to assist the defence of India and civil defence or the efficient conduct of military operations and inculdes such social service as the Central Government may by notification specify in this behalf.

Clause 3 of the Bill seeks to restrict the period for which qualified persons may be called up for rendering national service to a period not exceeding four years. The liability of a qualified person to be called up for national service shall normally come to an end on his attaining the age of thirty years.

The Bill seeks to provide for compulsory registration of persons liable to perform national service. At the time of registration, the choice of the registrants between the Army, Navy or Air Force will also be noted, if indicated. Those who are serving in the Armed Forces or Reserve shall not be called up. The The persons called up for national service would receive such training as may be necessary.

The Bill also provides for payment to persons called up for rendering national service of remuneration at a scale which is not less favourable than the remuneration admissible to similarly placed Government employees.

[Shri K. C. Pant]

The Bill provides that those who return after completion of their period of national service shall be reinstated by their former employers in their previous occupations on terms and conditions which are not less favourable to them that those to which they were entitled before they were called up for national service. It is also provided that in case of any dispute regarding reinstatement, the matter will be referred to the National Service (Hardship) Committee for decision which shall be binding. Safeguards are also provided to ensure that persons reinstated are continued in service after reinstatement.

There is no provision for exempting any category of people from the liability for national service. However, the person called up for national service can apply to the National Service (Hardship) Committee for postponement of his call-up on grounds that exceptional hardship would result if he is drafted for the national service.

The Bill provides that the Government may require any employer to release any qualified person for employment in national service within a specified period.

The Bill also contains provisions for penalties for offences indicated in the Bill.

The Bill also provides for appeals to High Court over the orders of National Service (Hardship) Committee. But such appeals have to be certified by the National Committee as involving substantial questions of law. The Bill also imposes certain obligations upon universities, educational institutions, District Magistrates and State Governments to provide information about qualified persons liable for national service.

Under the Bill, the Government is required to register and enlist qualified persons and other items of work connected therewith will be done through the agency of employment exchanges and a headquarters establishment would be set up to consolidate registration particulars and act on indents, issue various notifications and notices, etc.

The Bill also provides for constitution of a National Service (Hardship) Committee which will decide on applications for postponement of national service and enforce reinstatement of an employee after completion of the national service. The Committee shall consist of three members of whom the Chairman will be a person who is, has been or is qualified to be a judge of a High Court.

The expenditure on account of the staff together with incidential expenses, will be about Rs. 5,57,000 per year.

Clause 36 of the Bill gives power to the Central Government to make rules for carrying out the purposes of the Bill. The matters in respect of which such rules may be made relate to the principles governing the calling up of persons for national service, form and contents of the National Service Register and the Certificate of Registration, priorities in accordance with which qualified persons may be enlisted for national service, scales of travelling allowances required to be paid, etc.

Clause 37 of the Bill empowers the Central Government to make regulations. The power of making regulations is confined to making provision for the examination of physical and mental fitness of qualified persons subject to registration, determination of the categories to which the persons who have been examined should be placed and specification of the principles to be applied and the circumstances to the considered by the National Service (Hardship) Committee while hearing an application for the grant of postponement certificate.

The matter in respect of which any rule or regulation may be made are matters of detail or of procedure within the scope of the general provisions and guiding principles of the Act and it is not possible to provide for them in the Act. The delegation of legislative power is, therefore, of a normal character.

I do hope that I have been able to explain to the satisfaction of the Members of this House the purpose and scope of this Bill. May I add that besides ensuring adequate supply of doctors and engineers for the defence of the country and for national development, the proposed legislation also can help to keep the country in a state of preparedness as far as the need of these two specialised categories of manpower in any emergency is concerned ? With the data that will be available consequent on registration, it should be possible to call up doctors and graduate engineers at short

notice. The powers conferred by the Bill may also help in removing disparities in respect of availability of engineers and doctors in different regions of the country.

The period of service is restricted to only four years. The hon. Members will agree with me that the country does expect that our young engineers and doctors on whose training and education considerable expenditure has been incurred from the State Exchequer, are available for service when the national security and national development so demand.

It is concerned that in the course of implementation of a legislation of this nature, we are bound to come across some persons to whom hardship would be caused if they were made to join duty in pursuance of the enlistment notice. The Bill makes a special provision for considcration of all such cases. As I have said earlier, the Bill requires the Central Government to constitute a National Service (Hardship) Committee. It also empowers the Government to set up Regional National Service (Hardship) Committees for such regions as it may think fit. The constitution of these Hardship Committees will be such as will inspire confidence and will ensure that all hard cases are decided in an objective manner.

I hope, the House will welcome this Bill and accord its approval to the Bill.

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That the Bill to provide for the registration of qualified persons and for the sendering of national service by such persons and for matters connected therewith, tbe taken into consideration."

Shri Pandey.

डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय (मंदसौर) : सभापति जी, राष्ट्रीय सेवा विधेयक प्रस्तुत करते हुए माननीय मंत्री जी ने उसके सम्बन्ध में जो कहा, उससे कुछ बातें तो स्पष्ट हुई है, लेकिन कुछ बातें अभी भी अस्पष्ट-सी लगती हैं। इसी प्रकार का अधिनियम यूनाइटेड किंगडम में भी है। मैं समझता हूं कि उसी को आधार मानकर यह बिल यहां लाने की चेष्टा की गई है। यह ठीक है कि यदि राष्ट्रीय सेवाओं के लिए इन्जीनियर्स की आवश्यकता हो, डाक्टर्स की आवश्यकता हो, तो उनकी सेवाओं को प्राप्त करना चाहिए। इसमें कोई दो मत नहीं हो सकते। लेकिन सरकार को इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि आखिर इतने सारे जो प्राइमरी हैल्थ सैन्टर्स है, सैंकड़ों की संख्या में, जिनमे आज तक डाक्टर्स नहीं गये। हजारों की संख्या मे ऐसे हैल्थ सैंटर है जहां केवल एक डाक्टर है। उन कारणों को खोजने की चेष्टा करेंगे जिसमे पता चल सके कि आखिर डाक्टर्स प्राइमरी हैल्थ सैंटर्स में जाना पसंद क्यों नहीं करते ? दूरस्थ गांवों में या उन इलाकों मे जहां आदिवासी क्षेत्र है, जो पिछड़े क्षेत्र है वहां जाकर वे सेवा करना पसंद नहीं करते और शहरों में ही रहना पसंद करते है। क्या आपकी सेवा शर्तों में कई इस प्रकार की खामिया है या कुछ इस प्रकार के कारण है जिनकी वजह से उन सेवाओं के प्रति आकर्षित न हो करके वहां जाना पसंद नहीं करते इस सम्बन्ध मे 70-71 की स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट में बताया गया है कि कई क्षेत्रों मे डाक्टर जाना पसंद नहीं करते। बार-बार अप्वाइंटमेंट देने के बाद भी वहां जाना पसंद नहीं करते है। हो सकता है कि इसके पीछे जो कारण है उनमे डाक्टर्स की पारिवारिक कठिनाइयां हो और जो डाक्टर विवाहित होते है उनके बच्चों की शिक्षा सम्बन्धी सुविधाओं का न होना हो। साथ-साथ जो प्राइमरी हैल्थ सैंटर है वे ऐसे दूरस्थ गांवों में है जहां लगातार 6-8 महीने तक सड़कों का सम्बन्ध नहीं रहता। हो सकता है कि वे स्थान इतने अनकनेक्टेड हों कि डाक्टर वहां जाकर सेवा करना उचित नहीं समझते या कठिनाईबाधक हों। मैं चाहता हूं कि इस अवसर पर जो यह सरकार विधेयक लाई है तो उन परिस्थितियों को भी देखने की चेष्टा करनी चाहिए जिसके कारण डाक्टरों को आज गांवों के अन्दर जाकर उत्साहपूर्वक और रुचिपूर्वक काम करने के लिए प्रोत्साहन हो, फिर चाहे वह फैमिली प्लानिंग का काम हो या उससे हटकर कोई दूसरा काम हो, अस्पताल का काम हो, वहां पर जाकर वह काम करना चाहें, तो मैं सकझता हूं कि यह सरकार के लिए बड़ी अच्छी

[श्री लक्ष्मीनारायण पांडे]

बात होगी और इस बिल का सही माने में उपयोग हो सकेगा।

इंजीनियर्स के बारे मे कई बार कहा गया कि हजारों की तादाद में वे बेकार हैं। डाक्टरों के बारे में भी कहा जाता है कि वे बेकार हैं। कुछ स्टेट्स मे इंजीनियर्स को बेकारी भत्ता भी दिया जाता है। दूसरी तरफ यह विधेयक लाकर आप उन पर कम्पल्शन लाना चाहते हैं कि इतने समय के लिए सेवा करनी पड़ेगी, चार वर्ष की सेवा अथवा तीस वर्ष तक की उम्र के लिए अनिवार्य हैं। आप इस प्रकार से कम्पल्सन लाकर उनकी सेवायें प्राप्त कर लेते हैं, फिर वह देश की रक्षा के सम्बन्ध मे हो या और किसी राष्ट्रीय हित के सम्बन्ध में हो इससे कोई इनकार भी नहीं कर सकता है यदि आप इस प्रकार का कम्पल्सन लाते है, यह न भी हो तो भी जब देश की रक्षा के लिए आवश्यकता होती है तो डाक्टर्स, इंजीनियर्स और दूसरे लोगों ने आगे बढ़कर अपनी सेवायें देने का प्रयत्न किया हैं, अपनी सेवायें दी हैं लेकिन परिस्थिति इस प्रकार की है सम्भवतः आर्मी, नेवी और एयर फोर्स मे जहां पर डाक्टर्स और इंजीनियर्स की आवश्यकता है वहां पर उपयुक्त संख्या में इंजीनियर्स और डाक्टर्स नही मिलते और इसीलिए आपको नेशनल सर्विसेज बिल लाने की आवश्यकता पड़ी है और इस बिल के द्वारा आप उनकी सेवायें प्राप्त करना चाहते हैं। बिल में कहा गया है यदि कोई जाना न चाहे, उसके कोई कारण हों तो उसको देखने के लिए कमेटी बनाई जायेगी जो कि देखेगी कि कौस-से ऐसे कारण है जिनकी वजह से उसको छोड़ा जा सकता है या नहीं। इसके अन्दर वह व्यवस्था जरूर हैं। लेकिन साथ ही यह बात भी भी जरूर है कि उसे सारा विवरण देना पड़ेगा कि क्यों नहीं जाना चाहता है। और इस विवरण को पाने के बाद यदि उसको ऐग्जेम्पशन मिलता है तो वह छोड़ा जा सकता है। लेकिन मेरा निवेदन है कि आप इस प्रकार की परिस्थितियां क्यों नही पैदा करते जिससे स्वेच्छा से वह इन सर्विसेज में आने को तैयार हों।

आप 30 वर्ष की आयु तक के लिए उसकी सर्विसेज लेना चाहते हैं, लेकिन मुझे इस बिल में यह कहीं नहीं दिखाई दिया कि यदि 30 वर्ष की आयु के बाद वह ओवरसेज हो गया अथवा चार वर्ष पूरे होने के बाद यदि वह बाहर सर्विस में जाता है और ओवरऐज होने के कारण उसको बाहर नौकरी नही मिलती है तो क्या सरकार कोई इस प्रकार की गारन्टी भी देगी कि यदि वह ओवरएज हो जाता है चार वर्ष के बाद तो उसे आप दूसरा ऐमप्लायमेंट देंगे? उसकी नियुक्ति के आधार बने रहेंगे? कहीं ऐसा न हो कि वह नेशनल सर्विस करने के बाद बाहर बेकार घूमता फिरे। इस प्रकार की इस बिल में कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसी कोई गारन्टी नहीं है जिससे उसको बाहर कोई नौकरी मिल सके।

मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा, नेशनल सर्विस बिल के बारे में आपने बताया कि कौन-कौन-सी नेशनल सर्विस होगी। किस-किसको घोषित करेंगे कि कौन-से ऐसे कार्य होंगे जो राष्ट्रीय हित के होंगे, वह आप नोटिफिकेशन के जरिये प्रकाशित करेंगे। मैं जानना चाहता हूं कि जहां आपने आर्मी, नेवी और एयरफोर्स की बात बतायी, इनके अलावा कुछ सर्विसेज के नाम और बता दिये होते कि ऐसे कौन-से कार्य हो सकते है जो राष्ट्रीय सेवा के अन्दर आ सकते है ताकि जिसकी आप सर्विस प्राप्त करना चाहते हैं वह भी जान सके कि इस सेवा के लिए उसको लिया जा रहा है, और इसके अन्दर काम करने में उसको प्रसन्नता होगी।

मैं इस विधेयक की भावना से सहमत होते हुए माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि वह यह बतायें कि जो नेशनल सर्विस में आने वाले हैं उनकी आगे की सर्विस की क्या गारन्टी होगी? दूसरे यह कि यदि किन्हीं परिस्थितियों से कोई न जाना चाहे तो नेशनल हार्डशिप कमेटी होगी और उसकी उचित सुनवाई के लिए समय दिया जायगा, और यदि कोई बीच में छोड़ना चाहे तो वह किन ग्राउन्ड्स पर छोड़ सकता है—मैडिकल ग्राउन्ड्स पर या अन्य किन ग्राउन्ड्स

पर—ताकि वह अपनी कठिनाई को हल कर सके। इन बातों पर मंत्री महोदय ध्यान देंगे ताकि यह अनुभव न हो कि जबरन कोई कार्य थोपा जा रहा है। और जैसा मैंने प्रारम्भ में कहा है कि आप इस प्रकार की परिस्थितियां क्यों नहीं पैदा करते जिससे दूर के इलाकों में, पिछड़े और पहाड़ी क्षेत्रों मे जाकर लोग स्वेच्छा से काम करें? फिर चाहे वह डाक्टर्स हों या इन्जीनियर्स हों, या दूसरे लोग हों जिनकी सेवायें आप प्राप्त करना चाहते है वे जाकर काम कर सकें। इसके लिए आप उनकी सेवा की ऐसी शर्तें बनाये जिससे लोग राजी से जायें, उन्हें अधिक वेतनमान दें ताकि वे दूर के इलाकों में जा सकें जहां अभी लोग नहीं जाना चाहते। अभी हालत यह है कि पिछड़ी और आदिवासी इलाकों में आपके प्राइमरी हैल्थ सैन्टर्स की इमारत खड़ी है, दवाइयां भी हैं, वेहिकिल्स भी हैं, लेकिन डाक्टर्स नहीं हैं। तो आप क्यों नहीं ऐसी परिस्थितियां पैदा करते जिससे डाक्टर वहां जाकर काम कर सकें और हजारों की संख्या में प्राइमरी हैल्थ सैन्टर्स बने हुए हैं उनसे वहां के लोगों को लाभ मिल सके। इसी प्रकार इन्जीनियर्स और दूसरे लोग, जिनकी आप सेवायें प्राप्त करना चाहते हैं, उनकी सेवाओं का लाभ देश को मिल सके और देश उनकी सेवाओं से लाभान्वित हो सके।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक की भावनाओं से सहमत होते हुए मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि मैंने जो निवेदन किया है उस पर वह अवश्य विचार करेंगे।

श्री शिवनाथ सिंह (झुंझनू) : माननीय, नेशनल सर्विस बिल, 1972 के सम्बन्ध में जैसा मंत्री महोदय ने कहा कि कुछ आशंकायें इसके सम्बन्ध में पहले भी उठी थीं, उनका निराकरण करने की कोशिश की गयी, लेकिन साधारण आदमी के दिमाग में वह बातें नहीं बैठतीं। कहा गया है कि 175 ऐसे प्राइमरी हैल्थ सैन्टर्स हैं जहां डाक्टर नहीं हैं। हो सकता है कि इससे भी अधिक हों। लेकिन देखना यह चाहिए कि क्या इस बिल के न होने के कारण डाक्टर्स उन हैल्थ सैन्टर्स में नहीं हैं? या हमारे डाक्टर्स को भेजने की जो पौलिसी है या उसमें कोई कमी है जिसकी वजह से डाक्टर वहां नहीं गये?

आज जितनी भी सरप्लेसेज हैं वहां नये-नये डाक्टरों को भेजा जाता है और जो ऐक्सपीरिएन्स्ड डाक्टर है वे अपना एक तरह का ग्रुप बनाये हुए बैठे हैं और वह अपनी जगह से कहीं नही जाना चाहते। हमारी सरकार की डिफेक्टिव पौलिसी है जिसकी वजह से डाक्टर नहीं जाते हैं। वरना कोई कारण नहीं है कि सरप्लस डाक्टर्स होते हुए भी आज उनको नौकरी नहीं मिलती है। दूसरी तरफ सरकार कहती है कि डिस्पैसरी में डाक्टर्स नही हैं। इसमें भी चेन्ज करना पड़ेगा। जो रूरल एरियाज हैं, जहां पर बिल्कुल अशिक्षित लोग हैं, खुद बीमारियों के बारे में कुछ नहीं समझते हैं वहां अगर आप नये-नये डाक्टरों को भेजते हैं तो आप उन गरीब लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करते हैं। इसलिए आपको अपनी बेसिक पौलिसी को चेन्ज करना चाहिए। वहां पर एक्सपीरिएन्स्ड डाक्टर्स को, जिनकी दस-दस, पन्द्रह-पन्द्रह साल की सर्विस हो गई है, उनको भेजना चाहिए। हिल एरियाज मे, चाहे वह आदिवासी एरिया हों या दूसरे एरियाज हों वहा भी ऐसे डाक्टरों को भेजना चाहिए जो काफी अनुभवी हों। लेकिन हम वहां पर नये-नये बच्चों को भेजना चाहते है। अगर ऐसे लोगों से वहां पर गरीब लोगों का कुछ अहित हो जाये तो वहां पर उनको बचाने वाला कोई नहीं है। मैं चाहता हूं कि इस पर सरकार विचार करे।

17 hrs.

इस बिल से अगर वहां पर डाक्टर लोग जा सकें, तो मैं इसका स्वागत करूंगा, लेकिन इससे वहां पर कोई भी डाक्टर जाने वाला नहीं है। इस बिल की प्रावधानों को देखने से पता चलता है कि मानो हमारे यहां टैकनिकल और अनुभवी लोगों की कोई कमी नहीं है। हमारे यहां डाक्टर्स और इन्जीनियर्स की कोई कमी नहीं है, उनका बाहुल्य है। लेकिन वह चाहते हैं कि उनकी

[श्री शिवनाथ सिंह]

सर्विस की सिक्योरिटी हो, एम्प्लायमेंट की सिक्योरिटी हो। आपने तो केवल एक सिक्योरिटी उनको दे रक्खी है कि अगर उनके रजिस्ट्रेशन कराने मे कोई खामी है, बिल के प्रावधानों की पूर्ति करने मे कोई खामी है तो हम उसे सजा जरूर देंगे। नौकरी दे या न दें, लेकिन सजा जरूर देंगे।

आपने इस बिल मे प्रावधान किया है कि जो भी आदमी अपना रजिस्ट्रेशन नही करायेगा उसको तीन साल तक के कारावास का दण्ड दिया जा सकता है और जुर्माना भी किया जा सकता हे। लेकिन आज इसकी आवश्यकता नही है। आपके पास सैकडो डाक्टर्स और इन्जीनियर्स है। लेकिन जो भी इन प्रावधानों को नही मानेगा उसको आप सजा देंगे। इस बिल को पढ़ने से जो हमारे देश की हालत को जानते नही है उनको ऐसा आभास होता है कि डाक्टर्स और इन्जीनियर्स की कमी है और जैसा मत्री महोदय ने कहा, डाक्टर्स देहातो मे ज्यादा नही जाते है। मैं चाहता हू कि सरकार अपनी बेसिक पौलिसी को चेन्ज करे।

इस बिल के द्वारा पाच लाख रुपये खर्च के बढने का अनुमान लगाया गया है। अवश्य खर्च बढेगा और उसको बढ़ना चाहिए। यदि हम इन्जीनियर्स और डाक्टर्स को सर्विस दे सकें तो खर्च बढ़ना कोई बुरी बात नही है। यह बिल इन लोगों के लिए हार्डशिप पैदा कर रहा है, इसलिए मैं सरकार से निवेदन करना चाहूगा कि वह इन प्राविजनों पर थोडा-सा सोचे और उनको ठीक ढग से बनाये।

जिन लोगों को आप मैडिकल एग्जामिनेशन या इटरव्यू के लिए बुलायेंगे उनके लिए आपने क्लाज 13 और 14 में लिखा है कि सैंट्रल गवर्नमेंट जिनको बुलाती है उन्हे अलाउंस दे सकती है। आपने उसको जरूरी नही रक्खा है। यह जरूरी नहीं है कि आप किसी आदमी को सर्विस में ले ही लें, लेकिन यह प्रावधान रक्खा है कि 'मे शैल'। आपने डिस्क्रेशन कर दिया है। मैं कहना चाहता हू कि इसमें 'मैं' की जगह 'शल' होना चाहिए। जिसको आप मैडिकल एग्जामिनेशन के लिए बुलायें उसको आपको अलाउंस देना चाहिए।

इसके साथ ही आपने इसमे जो पेनल क्लाज रक्खा है उसमे भी डिफेक्ट है। क्लाज 25 (बी) मे यह है :

"he shall be punished with imprisonment which may extend to five years and also with fine which may extend to two thousand rupees."

इस प्रकार का प्रावधान आज की हालत मे हमको हार्डशिप लगता है। यदि कोई आवश्यकता हो, कंट्री को आवश्यकता हो, एसेन्शल सर्विसेज के लिए आवश्यकता हो तो आप इससे भी अधिक सजा दे सकते है, लेकिन आज के हालात मे अगर आप इस प्रकार का प्रावधान रक्खेंगे तो डाक्टर्स और इन्जीनियर्स के मन मे दूसरी प्रकार की भावना होगी। मैं मत्री महोदय से निवेदन करना चाहू गा कि आप इन प्रावधानो को थोडा नर्म करें, और आज के हालात के अनुसार उनको बनायें। हो सकता है कि पाच दस सालो के बाद हमारी एकानमी बढ जाये, डाक्टर्स और इन्जीनियर्स को खपाने की पावर बढ जाये, तब इस चीज की आवश्यकता पड सकती है। मैं तो कहूगा कि जब भी देश की सुरक्षा के लिए हमने डाक्टर्स, इन्जीनियर्स, सिपाहियो या किसी भी कटेगरी का आह्वान किया है तो पाया है कि जहां दस आदमियों की आवश्यकता है वहा हजारों लोग लाइन मे खड़े हुए हैं। जो प्रावधान आपने रखा है उसका अवसर अभी नहीं आया है। जो भी इस बिल के प्रावधानो को पढ़ता है उसके मन में शंका होती है, खासतौर से उन लोगों के मन में जो स्वेच्छा से सामने आते है। उनकी भावना को इससे ठेस लगती है। इस बिल के प्रावधान आवश्यकता पड़ने पर अच्छे हो सकते हैं लेकिन आज के हालात में मौजू नहीं हो सकते।

इतना होते हुए भी मैं इस बिल का समर्थन करता हूं लेकिन यह अनुरोध करता हूं कि जो इसमें हार्डशिप है उसकी ओर सरकार ध्यान दें और उसको थोड़ा-सा रिलैक्स करे।

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Burdwan): I generally support the objectives behind this Bill. During emergencies or to achieve some social objectives, it may be necessary to have a cadre of eligible persons such as doctors and engineers whose services could be called upon.

This is a peculiar state of affairs in this country. There are unemployed doctors and engineers. Yet law has to be made for obtaining their services to carry out or implement various social welfare schemes and render military service. That shows that there is a bottleneck somewhere, as a result of which unemployed doctors and engineers have not been coming forward in sufficient numbers for the purpose of rendering service for the country. No easy solution could be found. During the last 25 years, the situation has not developed in which these technical people could come forward and spread out to the villages, and render service in primary medical centres where there is more need for their services than in the cities. It has to be looked into ; why there has been this disincentive for doctors and engineers. However, since this Bill has come before the House we are supporting the objective behind the Bill.

It is now late for giving amendments; perhaps they would not be considered. So, I want to make some suggestions about the provisions of the Bill. I shall first refer to the definition of 'national service' in the Bill. I agree with Dr. Pandey that it would have been better if there had been a fuller definition of national service.

In the Statement of Objects and Reasons some of the things had been mentioned such as construction of dams in remote and difficult areas, family planning programme and health services in rural areas, etc. There is no reason why these objectives could not be given in the definition clause itself ? Why should it be left to the rule making authority. That would have made this Bill self-justifying and it would have attracted probably the attention of the unemployed people much more.

Clause 7(2) on page 4 says that every qualified person enlisted for any national service shall be bound to serve in any position or post to which he is appointed ..Such posts should be commensurate with the educational qualifications and experience of the persons whose services are to be utilised. If you appoint a doctor or engineer to any and every post, it will not be conducive to get the best out of such qualified persons, and there should be a tendency to avoid enlistment by these persons although they may be unemployed.

The proviso to clause 15 says "Provided that such payments shall be on scales not less favourable than those admissible to persons of like qualifications, experience and length of service in similar positions under the Government." It shows that the Government are bound to pay the same emoluments which their employees are getting.

But, Sir, there is one suggestion which I wish to make for the Minister's consideration viz. ; should we not make it specific that those qualified persons who are enlisted, who are already employed, should not be given any emoluments which would be less favourable than what they are getting under private employment. If the enlisted persons find that they will be given much lesser salary and their service conditions would be much worse, there will again be tendency to avoid enlistment and it will frustrate and defeat the purpose of this Act.

Clause 23(7), at page 14, provides that if an enlisted person has rendered service for the period mentioned, then he can go back to his old employer and he should be given such terms and conditions to which he would have been entitled had he continued in that employment. Sir, my suggestion for the Minister's kind consideration is that it should be made clear that those persons who go back after 4 years of service to the country should not lose the position they were occupying at the time of enlistment. They should be ensured promotion, the scale of pay, increased allowances, which they otherwise would have got had they continued under private employment. This would be inducive for those persons who certainly would not like to be in worse position after they go back to their old employer after serving for four years, giving four years of life, to the country.

I would also request the hon. Minister to frame regulations and rules to the effect that amongst the enlisted persons those who are

[Shri Somnath Chatterjee]

unemployed for job under this National Service Scheme.

The last provision to which I would draw the attention of the hon. Minister and the Members of this House is with regard to the provision for appeal. Clause 20, sub-clauses 2 & 3 provide for filing an appeal against the decision of the National Service Hardship Committee. Sir, the object of this provision in the Bill will really be frustrated because an appeal will be permitted only in a case which involves a substantial question of law. But Section 19 makes it clear that enquiry by the National Service Hardship Committee would be only with regard to finding out whether an exceptional hardship would ensue if a qualified person was called for national service. That would essentially be a question of fact I cannot imagine how a question of law would be envolved in a case where the enquiry would be an objective enquiry based on a particular state of facts so far as the qualified person is concerned. Therefore, the provision will be instructions and can hardly be taken recourse to. I cannot imagine how a substantial question of law would arise in a case of enquiry on facts. Therefore, when the objective is to provide for an appeal to the High Court concerned, the provision should not be made as it would be a wholly useless because no recourse can be taken to it.

I would like to make one submission, before I conclude, to the Hon'ble Minister Incharge on the Bill *viz.*, if some sort of assurance could be given by means of framing rules or by incorporating suitable provision in the Bill itself. It may be that it is very difficult to give a definite assurance that all the enlisted persons who complete the period of national service will be given definite opportunity of employment under the government. It might be difficult to give all of them, though they would be a desirable state of affairs, but at least some provision should be made, or some indication should be given to those persons who get themselves enlisted for national service, that after their period of service is over, their case would be most favourably considered by the government for employment in some other department where they can be usefully employed. After all, this country does not like to see that these doctors and engineers should be unemployed even for a day. It is a shame on the entire system that we have to bring about such a legislation when there are thousands and thousands of doctors and engineers who remain unemployed, yet we cannot attract their services for the purpose of the country, because adequate inducement is not given to them. The service conditions are not adequate and proper which will make them give the best for the country. With these words, I support the Bill.

श्री मूलचन्द डागा (पाली) : सभापति महोदय, सेवा का आधार प्रेम और त्याग है और मैंने आज देखा कि कानून भी इस प्रकार का बनाया जाता है कि सेवाएं जबर्दस्ती ली जायें। इस प्रकार का कानून नहीं बन सकता। आप देश की रक्षा या हिफाजत के लिए कानून बनाते है, 56 करोड़ की जनसंख्या मे जहा देश मे हजारों डाक्टर और इन्जीनियर मौजूद है और बेकार है, वहां आपको इस तरह का कानून लाने की आवश्यकता पड रही है। तो आपकी शिक्षा में जरूर कोई ऐसी कमी है, उससे राष्ट्र का चरित्र नहीं बन रहा है, इसलिए आपको ऐसा कानून लाना पड़ता है। लेकिन कानून लाने से कोई लाभ नहीं हो सकता है। लोग समझते है कि इस प्रकार का कानून जिससे हम सेवाओं को प्राप्त कर सकते हैं डाक्टर्स और इन्जीनियर्स की, लाने से काम चल जायगा। मेरे ख्याल से यह संभव नहीं है। इससे देश की सच्ची सेवा करने वाले लोग नहीं मिल सकते। आप देखें कि पाकिस्तान का हिन्दुस्तान की भूमि पर चार बार हमला हुआ और चीन का हुआ। तो इस देश के लिए इस प्रकार का कानून लाना जिससे कि हमारे अन्दर देश सेवा की भावना कम हो और जबर्दस्ती कानून के जरिए से उन लोगों की सेवाएं प्राप्त करें, मैं समझता हूं गलत है। देश की रक्षा के मामले में ऐसे लोग जो देश के लिए सेवा देना नहीं चाहते हैं और आप कानून के जरिए उनसे सेवा लेना चाहते हैं, तो मैं समझता हूं इस प्रकार की भक्ति और प्रेम अगर उनमें पैदा नहीं है तो यह सेवाएं आपकी फलीभूत नहीं हो सकती हैं।

इस कानून की जो मंशा है उसमें आप डाक्टर्स को गांवों में भेजना चाहते हैं। उसके लिए आज-

